Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 22-08-2006

Participants : Patel Shri Jivabhai Ambalal

an>

Title : Need to allot the shares of ONGC to those farmers whose lands have been acquired by the Company in Mehsana Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री जीवाभाई ए. पटेल (मेहसाना) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मेहसाना में जिन लोगों की जमीन ओएनजीसी ने तेल एवं गैस निकालने के लिए अधिग्रहीत की है, वह मध्यम एवंश् छोटे किसान हैं, जो अपने परिवार के लालन पालन हेतु इन्हीं जमीनों पर आश्रित हैं और जमीन को कम राशि पर मुआवजा देकर उनकी जमीन ले ली जाती है और ओएनजीसी इन जमीनों से करोड़ों रूपये का तेल एवं गैस निकालती है परन्तु जिन लोगों की जमीन से तेल एवं गैस निकलता है, रोजगार के अभाव में उनके परिवार का जीवन नारकीय हो जाता है। ओएनजीसी एक कम्पनी है और उसके शेयर खरीदने एवं बेचने का विचार सरकार कर रही है। अतः मेरा सरकार से कहना है कि जिन लोगों की जमीन को लिया गया है उनको ओएनजीसी कम्पनी का शेयर होल्डर बनाना चाहिए, जिससे गरीब किसान अपने परिवार का लालन पालन कर सके एवं ओरएनजीसी के लाभ का कुछ अंश इन गरीब किसानों को मिल सके।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस प्रस्ताव पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाये।